गृह रक्षा वाहिनी के स्थापना दिवस पर डीजी शोभा ओहटकर ने कहा

अवैतनिक गृह रक्षकों के 28 हजार रिक्त पदों पर जल्द होगी बहाली

900 वैतनिक पदों पर सीधी नियुक्ति की भी तैयारी

शुभम कुमार, पटना

बिहार गृह रक्षा वाहिनी के 78वें स्थापना दिवस पर विभाग की डीजी शोभा ओहटकर ने कहा कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार तत्पर है. अवैतनिक संवर्ग में गृह रक्षकों के 28 हजार पदों पर जल्द ही बहाली होगी. इसी साल 10 हजार गृह रक्षक रिटायर होने वाले हैं. इससे पहले बहाली प्रक्रिया पूरी करनी है. वहीं, 900 वैतनिक पदों पर सीधी नियुक्ति की भी तैयारी चल रही है. पिछले साल 300 वैतनिक पदों पर बहाली हुई थी. उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रशिक्षण, बिहटा में 500 क्षमता के महिला बैरक, 1000 क्षमता के पुरुष बैरक के साथ-साथ कई भवनों का निर्माण प्रस्तावित है. साथ ही संगठन के लिए 14 नये वाहनों की खरीद के लिए तीन करोड़ तीन लाख पचास हजार की स्वीकृति मिल गयी है.

स्टेट ट्रेनिंग सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए एनएफएससी नागपुर के साथ एमओयू : बिहार अग्निशमन अकादमी बिहटा को स्टेट ट्रेनिंग सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए एनएफएससी नागपुर के साथ एमओयू किया गया है. इसके अलावा अग्निशमन सेवा के तहत 155 राजपत्रित पद तथा 55 अराजपत्रित पदों की स्वीकृति भी मिल गयी है. इसके अलावा अग्निशमन सेवा में कनीय सेवा के विभिन्न पदों में 7276 के बहाली का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है. इसके अलावा बिहटा प्रशिक्षण अकादमी के अतिरिक्त लगभग 269 पदाधिकारी व कर्मी देश के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, जैसे- एनएफएससी नागपुर, एफएसटीआइ हैदराबाद, सीआइएसएफ हैदराबाद, भुवनेश्वर, कोलकाता, गुवाहाटी, अगरतला समेत महत्वपूर्ण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं.

60 दिनों का वेतन सहित अवकाश पर आदेश जल्द होगा पारित : डीजी

कार्यक्रम के दौरान अवार्ड प्रदान करतीं डीजी शोभा ओहटकर.

डीजी शोभा ओहटकर ने कहा कि गृह रक्षकों को कर्तव्य के दौरान घायल अथवा बीमार होने पर 60 दिनों के वेतन सहित अवकाश, महिला गृह रक्षकों के लिए मातृत्व एवं विशेष अवकाश से संबंधित आदेश बहुत जल्द ही पारित किया जायेगा. उन्होंने कहा कि कर्तव्य के दौरान गृह रक्षक की मृत्यु हो जाने पर उनके नाबालिग आश्रित को बाल गृह रक्षक के पद पर नियुक्त करने व बच्चों के व्यस्क होने पर कल्याण कोष से प्रतिमाह पांच हजार रुपये देने का प्रावधान किया जा रहा है.

स्थापना दिवस में गृह रक्षकों का प्रदर्शन

बिहार गृह रक्षा वाहिनी के 78वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को बिहटा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, आनंदपुर में गृह रक्षकों ने रण कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें लाठी ड्रिल, बैनेट फाइटिंग, कराटे, अग्निचक्र में प्रवेश करने का जीवंत प्रदर्शन किया. मौके पर एडीजी जीएस गंगवार, एडीजी जितेंद्र कुमार, आइजी एम सुनील नायक, डीआइजी फरगुद्दीन, डीआइजी जयंत प्रताप सिंह समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे.

शहीद के आश्रितों को मिला चार-चार लाख रुपये का चेक

डीजी शोभा ओहटकर ने ड्यूटी के दौरान शहीद हुए गृहरक्षकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये चेक और शॉल देकर सम्मानित किया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन जिला समादेष्टाओं को पुरस्कार दिया गया. स्मारिका का विमोचन भी किया गया. वहीं, गृहरक्षा वाहिनी मध्य विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया.

प्रभात खबर
Saturday, December 7, 2024
Patna-City
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/6753507c3d23ca7fca1a2a30